मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्माण का सीएम जल्द करेंगे शुभारंभ

लखनऊ। मेडिकल उपकरण निर्माण के क्षेत्र में जल्दी ही यूपी एक बड़ा हब होगा। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मेडिकल डिवाइस पार्क और ललितपुर में बनने वाले फार्मा पार्क के चलते यह संभव होगा। राज्य का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर-28 में 350 एकड़ भूमि पर दो चरणों में बनाया जाएगा। जल्द ही इस पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ मुख्यमंत्री करेंगे।

सब कुछ इसी गति से चला तो यूपी के मेडिकल उपकरण निर्माता चीन और अमेरिका की कंपनियों को कड़ी टक्कर देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फार्मा और मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना कराने की योजना तैयार कराई। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की चिह्नित भूमि पर मेडिकल डिवाइस पार्क और ललितपुर में फार्मा पार्क की स्थापना पर सहमति बनी है। दोनों प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिए गए हैं।

दवाइयों और मेडिकल उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में बढ़े कदम

केंद्र की सहमति मिलते ही इन पार्कों के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

18 हजार करोड़ निवेश का अनुमान : अभी देश में चार मेडिकल डिवाइस पार्क हैं, पर यूपी में इस तरह का कोई पार्क नहीं है। इस कमी को दूर करने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद रुचि ले रहे हैं। यूपी में प्रस्तावित मेडिकल डिवाइस पार्क में सीटी स्कैन, एक्स-रे मशीन, बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, वेंटिलेटर के निर्माण को शामिल किया गया है। इस पार्क के शुरू होने करीब 18 हजार करोड़ रुपये का निवेश और 35 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। 2023 में इसे पूरा करने का लक्ष्य है। ब्यूरो